पाकिस्तानी ने श्रीगंगानगर के व्यापारी को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा

एक दिन पहले ही युवक को भेजा था मैसेज

श्रीगंगानगर, (निसं)। पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियों में शामिल लोग बॉर्डर क्षेत्र के युवाओं को अपने जाल में फंसाने के लिए नया-नया पैंतरा अपना रहे हैं। जिले में शनिवार को एक युवक ने अमन को फोन पर मैसेज भेजकर उसका श्रीकरणपुर इलाके से नाता होने की बात कहते हुए नजदीकी बढ़ाने की कोशिश की थी। इसके बाद सोमवार को एक व्यापारी को भी व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया गया। इस व्हाट्स एप ग्रुप में इलाके के कई प्रतिष्ठित नाम जुड़े हुए हैं।

सोमवार को श्रीकरणपुर के एक व्यापारी को भी व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया गया। इस व्हाट्स एप ग्रुप में इलाके के कई प्रतिष्ठित नाम जुड़े हुए हैं। व्यापारी ने सोमवार सुबह इस ग्रुप में खुद को जोड़े देखा तो उसने एक्जिट कर लिया, लेकिन कुछ समय बाद उसे फिर से जोड़ लिया गया।

श्रीकरणपुर के व्यापारी रवि अग्रवाल ने बताया कि उसे जिस ग्रुप में जोड़ा गया है उसमें इलाके के कई लोग हैं। इसका एडमिन एक पाकिस्तानी नंबर है तथा अब इस ग्रुप में लॉटरी निकलने के मैसेज आ रहे हैं। यानी किसी भी तरह से पाकिस्तानी हैकर चाहते हैं कि हम उनके संपर्क में आएं और वे हमसे महत्वपूर्ण जानकारियां निकाल लें। उनका कहना है कि किसी भी मैसेज का रिप्लाई किया तो पाकिस्तानी उसे झांसे में ले लेगा। उसके बाद वो उससे जानकारियां जुटा सकेगा।

अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने इस बारे में थाने में सूचना दे दी है। अभी पुलिस के निर्देश पर इस नंबर को ब्लॉक नहीं किया है। इंटेलिजेंस इस बारे में जानकारियां जुटा रही है। श्रीकरणपुर क्षेत्र के एक युवक को व्हाट्सअप पर मैसेज भेज पाक युवक ने दोस्ती करनी चाही, परंतु युवक ने सतर्कता दिखाते हुए पाक नंबर को ब्लॉक कर इसकी सूचना पुलिस को दी। वहीं, पुलिस ने बताया कि बॉर्डर क्षेत्र में पाक इन दिनों में ऐसी

■ श्रीकरणपुर इलाके से जोड़ा था नाता

गतिविधियों कर रहा है। अगर किसी भी पाक नंबर से कॉल आए तो इसकी सूचना पुलिस को तुरंत दें।

श्रीकरणपुर के वार्ड नं. 9 निवासी अमन ने पुलिस को इस बारे में शिकायत की है। शिकायत में कहा है - 22 जनवरी रात 9:30 बजे उसे पाकिस्तान के नंबर 92 3147415 070 से व्हाट्सएप मैसेज आए। उसमें लिखा- हाय मैं पाक से बोल रहा हूं। जो करणपुर से सिर्फ 25 किलोमीटर दूर है। ब्रदर मेरे शहर का नाम बहावलनगर है। मेरे दादा-दादी श्रीकरणपुर से थे। इस पर श्रीकरणपुर के युवक ने पाकिस्तानी युवक से पूछा नंबर किससे लिया, तो पाक युवक ने मैसेज किया - फेसबुक से । उसने कहा, मुझे ही कैसे याद किया। पाकिस्तानी युवक ने मैसेज किया - मेरे दादा-दादी श्रीकरणपुर से थे।

फिर पाकिस्तानी युवक ने अपनी फोटो श्रीकरणपुर के युवक को भेजी। इस पर उसने तुरंत इसकी सूचना थाना अधिकारी आलोक सिंह व सीआईडी के कांस्टेबल नवनीत मीणा को दी। उन्होंने उक्त पाक नंबर ब्लॉक करने को कहा। जिस पर युवक ने नंबर को ब्लॉक कर दिया। थाना अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि अमन की ओर से दी गई शिकायत दर्ज कर ली गई है।

पाकिस्तान से हुई व्हाट्सएप मैसेज की सूचना उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। वहीं, सीआईडी ने बताया कि पाकिस्तान से आने वाले फोन कॉल की सूचना उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी गई। थाना अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि पाकिस्तान या अंतरराष्ट्रीय कॉल आने पर उसे किसी भी सूरत में अटेंड ना करें और इसकी सूचना पुलिस को दें।

धौलपुर में 'मैं भी मंलिगा हूं' के पोस्टर लेकर लोग सड़कों पर जमे

डकैत जगन गुर्जर के खिलाफ राजपूत समाज ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन

धौलपुर, (निसं)।धौलपुर जिले के बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा के खिलाफ गाली गलौज एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने का पूर्व कुख्यात डकैत जगन गुर्जर का वीडियो वायरल होने के बाद विधायक के समर्थकों और राजपूत समाज में आक्रोश भड़क गया है ।

दो दिन पूर्व डकैत द्वारा वीडियो वायरल करने के मामले में आज राजपूत समाज के सैकड़ों लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान राजपूत समाज के लोगों ने पूर्व डकैत

■ दस्यु जगन ने मंलिगा को दी थी धमकी

जगन गुर्जर को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग की हैं। सैकड़ों की संख्या में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे राजपूत समाज के लोगों ने हाथों में मलिंगा के पोस्टर और ' मैं भी मलिंगा हूं' के बैनर लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया।

जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे राजपूत समाज के लोगों ने बताया कि पूर्व डकैत जगन गुर्जर ने विधायक के साथ उनके घर वालों को भद्दी गालियां दी। जिसके बाद भी अभी तक पुलिस जगन गुर्जर को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जगन गुर्जर की गिरफ्तारी ना होने से नाराज राजपूत समाज के जिलाध्यक्ष विशंभर सिंह ने कहा कि डकैत जगन गुर्जर ने विधायक को जान से मारने की धमकी देने के साथ राजपूत समाज की बहन बेटियों पर अभद्र टिप्पणी की है। जिससे पूरे समाज में रोष है।

जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे राजपूत समाज के लोगों के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर राकेश जायसवाल से डकैत जगन गुर्जर की गिरफ्तारी करने की मांग की।

विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने डकैत जगन गुर्जर के वायरल वीडियो में उनको धमकी देने के मामले में आमजन और अपने समर्थकों से अपील जारी की है। विधायक ने सभी को आग्रह किया है कि सोशल मीडिया या फेसबुक पर ऐसी कोई टिप्पणी जारी नहीं करें जो समाज विरोधी हो।

बाड़ी विधायक मंलिगा के समर्थन में लोगों ने धौलपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

बैलगाड़ी लेकर दुल्हन लेने पहुंचा दूल्हा

भीलवाडा, (निसं)। जिले में एक बेहद अनोखी शादी देखने को मिली। दरअसल, यहां दूल्हा अपनी दुल्हन को लेने बैलगाडी में पहुंचा। खास बात यह रही कि पूरी बारात भी बैलगाडियों पर ही बैठकर दुल्हन के घर तक आई। बैलगाड़ियों पर बैठी यह बरात जिस भी गांव से गुजरी, लोग इसे ना केवल एकटक देखते रहे बल्कि इस लम्हे को अपने-अपने मोबाइल में कैद भी करने लगे। यह बारात गाजे-बाजे के साथ ईरास ग्राम पंचायत तक ऐसे ही पहुंची।

दूल्हे का नाम प्रभु कुमावत है, जिसकी शादी गोपाल कुमावत की बेटी मैना से तय हुई थी। बताया जा रहा है कि देश में पेट्रोल-डीजल की कीमत में लगातार बढ ोतरी हो रही है साथ ही इससे प्रदूषण भी काफी होता है। इसलिए दूल्हा अपनी बारात बैलगाडी में निकालकर लोगों को प्रदूषण रोकने का एक तरह से संदेश देना चाहता था। वहीं, गांव के कुछ अन्य बुजुर्गों ने कहा कि बैलगाडी वाली बारात को देखकर उनकी भी पुरानी यादें ताजा हो गई, क्योंकि पहले के जमाने में इसी तरह से बारात शादी के लिए आती थी। प्रभु कुमावत ने जब अपने पिता भंवर कुमावत को यह बात बताई कि वह बैलगाडी से अपनी बारात ले जाएंगे तो उन्होंने भी इसका समर्थन किया। फिर 22 बैलों की 11 बैलगाडियां तैयार की गईं और दूल्हा अपनी दुल्हन को लेने पहुंचा। पूरे रास्ते बाराती बैलों के पैरों पर बंधे घुंघरू की आवाज पर नाचते रहे।

बैलगाड़ी में जाती बरात को रास्ते में ग्रामीण देखते नजर आए।

बस की टक्कर से ममेरे भाइयों और फूफा की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। बस की टक्कर से ममेरे दो भाइयों और उनके फूफा की मौत हो गई। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे, हादसे के बाद बस का ड्राइवर भाग गया। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया। सागवाडा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि हादसे में दो ममेरे भाइयों गौरव, मनीष और उनके फूफा लालशंकर की मौत हो गई।

पुलिस ने सोमवार प्रात: पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा। बस ड्राइवर की तलाश की जा रही है। थानाधिकारी ने बताया कि दोनों ममेरे भाई और फूफा बाइक से सागवाडा से गलियाकोट जा रहे थे। पंचवटी के पास गलियाकोट की तरफ से आ रही बस ने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर हैड कांनि. कांतिलाल, हरिसिंह, कांस्टेबल भूपेन्द्रसिंह बंशीलाल, भानुप्रताप, यशपाल, अरविन्द लबाना और प्रवीण मौके पर पहुंचे।

चार लुटेरों का पिता-पुत्री ने जमकर मुकाबला किया

भरतपुर, (निस)। भरतपुर के चिकसाना थाना इलाके में देर रात 4 बदमाशों ने एक घर में लूट की वारदात को अंजाम दिया। लुटेरों को रोकने के लिए घर में मौजूद व्यक्ति और उसकी पुत्री ने काफी कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने उनकी लोहे के हथियारों से पिटाई कर दी और घर से 4 लाख 76 हजार रुपये लूटकर भाग गए। घटना शहर के कच्चा बाग इलाके की है। पीड़ित व्यक्ति श्याम सिंह घर पर उनकी बेटी घर पर थे। बेटी रुचि रात करीब 12 बजे तक पढ़ ाई कर रही थी। जैसे ही बेटी ने पढ़ ाई कर सोने के लिए लाइट बंद की तो कमरे में 4 बदमाश घुस आये। कमरे में बदमाशों के घुसने की आहट से श्याम सिंह जाग गया। श्याम सिंह ने लुटेरों से उनके बारे में पूछा तो उन्होंने बताया की वह मजदूरी करते हैं और उन्हें पैसे चाहिए जिसके बाद श्याम सिंह ने कहा की उसके पास पैसे नहीं हैं । वह गाड़ी और ट्रैक्टर ले जा सकते हैं। इतने में ही चारों बदमाशों ने श्याम सिंह के ऊपर हमला कर दिया।

श्याम सिंह व उसकी बेटी लुटेरों से भिड़ गई।बेटी रुचि ने भी चारों लुटेरों का जमकर मुकाबला किया। दोनों पिता और बेटी लुटेरों से करीब 15 मिनट तक मुकाबला करते रहे, लेकिन बदमाशों ने पिता और बेटी के सिर पर लोहे के सरिया से हमला कर दिया जिससे वे दोनों घायल हो गए।

बदमाशों के हमले में बाप-बेटी घायल हो गए।

■ बदमाश आखिर पिता-पुत्री को घायल कर 4 लाख 76 हजार रुपये ले गए

लुटेरों ने बेड की तलाशी ली जिसमें 4 लाख 76 हजार रुपये रखे हुए थे, उन्हें लुटेरे ले गए। लूट के बाद घायल पिता और बेटी ने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। श्याम सिंह ने बताया आरोपी घर की दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। लुटेरों के पास कट्टा, धारदार हथियार और कुछ औजार थे।

'प्रधानमंत्री मोदी का सपना करेंगे साकार, स्वच्छता ही है मुख्य आधार'

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के दौरे पर रहे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया का सोमवार को पूर्व सभापति के.के.गुप्ता के निवास पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। गुप्ता के नेतृत्व में असंख्य कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष पूनिया को फूल माला पहना कर जमकर नारेबाजी की।

गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिवादन किया। साथ ही स्वच्छ राजस्थान - स्वस्थ्य राजस्थान व समर्पण निधि अभियान की तस्वीर का अनावरण भी किया। गुप्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पूनिया लगातार जनसेवा के कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने में तत्परता के साथ लगे हुए हैं। राजस्थान की राजनीति में पूनिया का कोई पर्याय नहीं हैं। साथ, सहयोग और समर्पण की भावना से प्रत्येक कार्यकर्ता को साथ लेकर चलने का आचरण सतीश पूनिया के व्यक्तित्व में झलकता हैं। के.के.गुप्ता ने कहा कि संगठन में बड़ी शक्ति होती है। संगठित परिवार, समाज और संस्था कभी असफल नहीं होते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि समर्पण निधि अभियान में उदयपुर संभाग में संयोजक प्रमोद सांभर, सन संयोजक केके गुप्ता के नेतृत्व में पूरी टीम द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा हैं। समर्पण निधि अभियान के माध्यम से प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुंच कर उनसे संपर्क किया जा रहा हैं। बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं तक जनसंपर्क कर उनसे समर्पण निधि अभियान, संगठनात्मक चर्चा एवं कार्य विस्तार पर जोर देना हैं। साथ ही प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश संयोजक बनने पर के.के.गुप्ता का माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही कहा कि राजस्थान की 196 निकाय तथा ग्रामीण स्तर तक संयोजक केके गुप्ता के निर्देशन में टीम गठित की जाएंगी। स्वच्छता की टीमें गांव में स्वच्छता की अलख जगाने, पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण जैसे विविध कार्यों में धरातलीय कार्य करेंगे।

राजस्थान स्वच्छ भारत अभियान की संयोजक के.के.गुप्ता ने कहा कि गांव-गांव, ढाणी - ढाणी जाकर स्वच्छता की टीमें बनाकर स्वच्छता का कार्य हमारा मुख्य आधार रहेगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं डूंगरपुर की स्वच्छता की प्रशंसा कर चुके हैं प्रधानमंत्री ने डूंगरपुर के सम्मान में "स्वच्छता अभियान में डूंगरपुर ने जो कमाल कर दिखाया हैं। डूंगरपुर आज देश में स्वच्छता की मिसाल बन गया हैं।

जिले में समर्पण निधि राशि को ऑनलाइन भेजने के लिए ई-वॉलेट का शुभारंभ किया।

राजसमंद में 13 बच्चों सहित 118 नये संक्रमित मिले

राजसमन्द, (निसं)। जिले में कोरोना में रिकवर हो रहे मरीज की संख्या में भी ईजाफा हो रहा है जो कि जिले के लिए राहत की खबर है। लेकिन सबसे बड़ी चिंता बच्चों में फैलते कोरोना संक्रमण को लेकर है।

पिछले तीन सप्ताह से सामने आ रही कोरोना सेम्पल की जांच रिपोर्ट में छोटे बच्चें भी संक्रमित पाए गए है। सोमवार को आई सेम्पल की ताजा रिपोर्ट में 13 बच्चे संक्रमित पाए गए। जिसमें भाटोली में एक 3 वर्ष का बालक, रेलमगरा में 8 वर्ष का बालक एवं हाउसिंग बोर्ड में 10 वर्षीय बालक संक्रमित आया है। जबकि सदडी रेलमगरा में 17 वर्षीय बालक, रेलमगरा में 17 वर्षीय बालिका, बनेडिया में 15 वर्षीय बालिका, एमडी में 17 वर्षीय बालिका, देवथडी में 12 वर्षीय बालक, पसूंद में 15 वर्षीय बालक, केलवा में 13 वर्षीय बालिका, 13 वर्षीय बालक, 16 वर्षी बालिका, कांकरोली पुलिस थाना के समीप 15 वर्षीय बालक संक्रमित पाया गया है। जबकि रविवार को 11 बच्चे संक्रमित पाए गए। पिछले करीब 17 दिनों में 1 से 10 वर्ष की आयु के करीब 60 बच्चे कोरोना पॉजिटिव पाए गए है। हालांकि सभी बच्चों में अब तक संक्रमण के हल्के लक्षण ही देखने को मिले है।

मजदूरों से भरी बस अनियंत्रित होकर खाई में उतरी, हादसा टला

रायला थाना क्षेत्र में मजदूरों से भरी बस खाई में उतर गई।

भीलवाडा, (निसं)। जिले के रायला थाना क्षेत्र के लांबिया खुर्द गांव में कंचन फैक्ट्री की मजदूरों से भरी बस मजदूर को छोडने जा रही थी। इस दौरान विकेट मोड पर अनियंत्रित होकर खाई में उतर गई। ड्राइवर की सूझबूझ से बडा हादसा टल गया।

ग्रामीण महावीर चौधरी से मिली जानकारी के अनुसार लाम्बिया खुर्द के सङक पर गहरी नहर में बस लटक गई। जिसमे 30-40 श्रमिकों की जान बच गई। गनीमत रहा कि ड्राइवर की सूझबूझ से बडा हादसा टल गया। लाम्बिया खुर्द सरपंच इंदिरा देवी बलाई ने पीडब्ल्यूडी को कई बार इस मामले से अवगत करवाया है। इसके बावजूद भी रोड पर बनी नहर सही कराने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। पीडब्ल्यूडी विभाग को पत्र लिखकर व मौखिक रूप से इसे सही कराने की मांग की गई है मगर पीडब्ल्यूडी की अभी तक नींद नहीं खुली है और इनकी लापरवाही के कारण यहां आए दिन हादसे होते है।

सोमवार सुबह 6 बजे भी मजदूरों से भरी कंचन इण्डिया लिमिटेड नानकपुरा की बस मजदूरों को घर छोडने जा रही थी। इस दौरान हादसा हुए। बस में बैठे श्रमिकों में अफरा तफरी मच गई और श्रमिक खिडकियों से कूदकर अपनी जान बचाने लगे। बस नहर में लटक गई थी, जिसे ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने इस दौरान रोष व्यक्त करते हुए बिना मुंडेर के इस पुलिया पर दीवार बनाने की मांग की।

दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

करौली, (निं.स) । सामूहिक दुष्कर्म के एक और आरोपी को न्यायाधीश ने 20 वर्ष के कठोर कारावास सहित 50 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सैंशन न्यायालय के लोक अभियोजक महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि करौली के निकटवर्ती रोडकला गांव निवासी एक महिला के साथ धर्म सिंह गुर्जर निवासी रोडकला, बृजकिशोर गुर्जर एवं जीतमल गुर्जर निवासी गुडला के विरुद्ध 2 जून 2015 में महिला थाने पर सामूहिक दुष्कर्म करने का महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था।

उन्होंने बताया कि इस मामले में महिला थाना पुलिस ने अपर जिला एवं सैंशन न्यायालय में चालान पेश किया जिस पर अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश वीणा गुप्ता ने सुनवाई की उन्होंने बताया कि जिस मुकदमे में महिला पक्ष की ओर से 20 गवाह हुए उन्होंने बताया कि एक आरोपी बृजकिशोर को पूर्व में दोषी ठहराया गया जो सजा काट रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी दरब सिंह के विरुद्ध सुनवाई में न्यायाधीश ने आरोपी को दोषी मानते हुए दुष्कर्म के आरोप में 20 वर्ष के कठोर कारावास की और 50 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई उन्होंने बताया कि महिला गांव से करोली बाजार आई थी। जहां से वापस लौटते समय रास्ते में रोक कर जंगल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था जिसका थाने पर मामला दर्ज है।

बेशकीमती सरकारी भूमियों हो रहे अतिक्रमण, विभागों ने आंखें मूंदी

तालाब के सामने सरकारी भूमि पर बेरोकटोक प्रशासन की नाक के नीचे हो रहे अतिक्रमण

झालावाड़, (निसं)। झालरापाटन रोड नेशनल हाईवे खंडिया तालाब के सामने बह रहे नाले पर व नाले के समीप सरकारी भूमि पर लगातार बेरोकटोक प्रशासन की नाक के नीचे व सबसे व्यस्त मार्ग जिस पर प्रशासन की लगातार आवाजाही बनी रहती है उसकी बेशकीमती भूमि पर धड़ल्ले से अतिक्रमण हो रहे हैं। इन अतिक्रमणों के लिए जिम्मेदार विभाग नेशनल हाईवे, नगरपरिषद झालावाड़ तथा तहसील झालरापाटन के अधिकारियों को अतिक्रमणियों के निर्माण कार्य दिखाई ही नहीं दे रहे हैं । अब इन विभोगों के अधिकारियों पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

नेशनल हाईवे सड़क के बाद यह नाला जो कभी रियासत काल में इतना ही चौड़ा हुआ करता था वो अब मौके पर देखो तो मात्र नालीनुमा नजर आता है। नाले के बाकी क्षेत्र पर कुछ स्थाई निर्माण हो चुके हैं। कुछ कामर्शियल तथा कुछ व्यवसायिक पक्के निर्माण हो चुके हैं तथा बची हुई भूमि पर निर्माण कार्य द्रुतगति से जारी हैं जिन पर प्रभावी कार्रवाईकरने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है । नाला सीधा कालीसिन्ध नदी में जाकर मिलता है जब कभी काली सिंध नदी अपने उफान पर होती है तो यह नाला रुक जाता है तथा झालावाड़ से झालरापाटन का रास्ता अवरुद्ध हो जाता है।

इस सम्बन्ध में जब जिम्मेदार विभाग नेशनल हाइवे के अधिशासी अभियंता चन्द्र मोहन बैरवा से सम्पर्क किया तो उनका कहना है कि कि सड़क के बीच से 52 फीट की दूरी तक नेशनल हाइवे का संरक्षित क्षेत्र होता है तथा इस पर किसी भी प्रकार का कोई अतिक्रमण नहीं कर सकता है । इसकी देखभाल का जिम्मा हमारे ही विभाग का होता है परतु इस पर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही इसका जवाब हमारे सहायक अभियंता देंगे क्योंकि मैंने उक्त रोड का जायजा नहीं लिया है आप सहायक अभियंता ऋषीकेश मीणा से जानकारी ले लो। इस सम्बंध में जब सहायक अभियंता से सम्पर्क किया तो उन्होंने बड़ा ही हास्यास्पद जवाब दिया कि यह सही है कि इस पर अतिक्रमण हो रहे हैं इसकी जिम्मेदारी भी हमारे ही विभाग की ही है परंतु मैं बाहर का रहने वाला हूं यहां पर मैं कार्यवाहियां करूंगा तो यहां पेशियां करने मुझे ही आना होगा तो यहां

खंडिया से कालीसिंध नदी तक पहुंचने वाला नाला अतिक्रमण के चलते नालीनुमा हो गया है।

■ अधिकारियों को नहीं दिख रहे निर्माण कार्य

बार-बार पेशियों पर कौन आएगा

जब नगर परिषद् आयुक्त झालावाड़ से इन अतिक्रमणों के बारे में जानकारी चाही तो उनका कहना था कि हम समय-समय पर इन अतिक्रमणों को रोकने की कार्यवाहियां करते हैं आपके बताने से पता चला है कि यदि फिर काम चालू हो रहा है तो हम इसकी फाइल निकालकर फिर कार्रवाई करेंगे।

इन अतिक्रमणों के बारे में जब तहसील झालरापाटन में सम्पर्क किया तो उन्होंने बताया कि वर्तमान में तो यह जमीन राजकुमार सोनी की है जो कि कन्वर्ट हो चुकी है । प्रश्न यह उठता है कि सरकारी व अन्य विभागों की भूमि आखिर किसी के नाम किस आधार पर हो गई तथा आखें मूंदकर किसने इन्हें कन्वर्ट कर दिया तथा भवन निर्माणों की स्वीकृतियों को आखिर किसने जारी कर दिया या स्वीकृतियां जारी नहीं हुई तो क्या बिना निर्माण स्वीकृतियों के ही यह निर्माण कार्य चल रहे हैं ।